प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला- ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

नाहेप परियोजना द्वारा विश्वविद्यालय में स्थापित हुए बैरिकेड एवं कॉनवेक्स मिरर

पंतनगर। 23 जनवरी 2021। विश्वविद्यालय में संचालित नाहेप परियोजना द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन यूनिवर्सिटी सेन्टर में हुआ, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय परिसर में सड़क सुरक्षा उपकरणों जैसे बैरिकेड, कॉनवेक्स मिरर द्वारा परिसर एवं परिसरवासियों को और अधिक सुरक्षित बनाना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति, डा. तेज प्रताप, ने अपने संबोधन में कहा कि सड़क में होने वाली दुर्घटनाओं से प्रतिवर्ष हजारों लोग अपना जीवन खो देते हैं, इसलिए एक अच्छे नागरिक के रूप में हमारा कर्तव्य है कि हम वाहन चलाते हुए स्वयं के साथ-साथ दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें। डा. प्रताप ने सड़क सुरक्षा के प्रति और अधिक जागरूक रहने के लिए नाहेप द्वारा किये गये प्रयासों की प्रशंसा की।

परियोजना अधिकारी, आई.डी.पी.-नाहेप, डा. एस.के. कश्यप ने कहा कि परियोजना विश्वविद्यालय के प्रति कर्तव्यों और एक संस्था के रूप में अपने सामाजिक दायित्वों की पूर्ति हेतु परिसर को सुरक्षित, स्वच्छ, साफ एवं सभी वर्गो के हित के लिए कार्यरत है। उन्होंने कहा कि परियोजना द्वारा विश्वविद्यालय के महाविद्यालय और प्रशासनिक भवनों में रैम्प स्थापित किये गये है। साथ ही सेनेटरी नेपकीन मशीन, एल.ई.डी. लाईट जैसे प्रयास भी हुए है। डा. कश्यप ने कहा कि यह प्रयास पर्यावरण सुरक्षा तथा समाजिक समावेशों की पूर्ति हेतु एक अनूठी पहल है। नोडल अधिकारी, पर्यावरण सामाजिक रक्षा व इक्विटी एक्शन प्लान आई.डी.पी.-नाहेप, डा. ए.के. उपाध्याय ने अपने स्वागत सम्बोधन में सड़क सुरक्षा सप्ताह के महत्व के बारे में बताया साथ ही परियोजना के माध्यम से हो रहे छोट-छोटे प्रयासों से विश्वविद्यालय को विश्व के अग्रणी शिक्षण संस्थानों के रूप में पहचान दिलाने की बात भी कही। कार्यक्रम में कुलपति द्वारा 40 बैरिकेड और 15 कोनवेक्स मिरर सुरक्षा विभाग को प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में नोडल ऑफिसर एकेडमिक नाहेप, डा. एस.के. गुरू, द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठात्री, गृह विज्ञान महाविद्यालय, डा. अल्का गोयल; अधिष्ठात्री, प्रौद्योगिकी महाविद्यालय, डा. अलकनन्दा; अधिष्ठाता, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय, डा. संदीप अरोड़ा; अधिष्ठाता, मत्स्य विज्ञान, डा. आर.एस. चौहान, अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर शिक्षा, डा. के.पी. रावेरकर एवं अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, डा. बृजेश सिंह के साथ नाहेप परियोजना के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सुरक्षा विभाग को सड़क सुरक्षा उपकरण प्रदान करते कुलपति, डा. तेज प्रताप।